बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार -विमर्श किया गया :-

| क्र. स. | चर्चित बिन्दु | प्रस्तावक | सदस्यों द्वारा सुझाव/ निराकरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. साइकिल स्टैंड शेड।<br>2. भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला से छात्र शौचालय तक शेड का निर्माण।<br>3. बास्केटबाल कोर्ट का नवीनी करण का कार्य।<br>4. प्रार्थना सभा मंच के पीछे के भाग को ढकना।<br>5. शौचालय के लिए पृथक टैंक का निर्माण।<br>6. प्राथमिक विभाग में विद्यार्थियों के लिए पानी पीने वाले स्थान पर शेड लगाना।<br>7. टूटी हुई खिड़कियों को सही करने का कार्य।<br><br>**(सिविल)** | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने प्रदत्त सभी बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। तथा आवश्यक कार्यों की पूर्ति के लिए निवेदन किया। इन सभी कार्यों की पूर्ति के लिए पूर्व बैठक में भी निवेदन किया था लेकिन कार्य का निष्पादन नही हो पाया है।<br><br>विद्यालय की सफेदी तथा विभिन्न कक्षाओं में पानी रिसाव सम्बन्धित जो समस्या भी वह कार्य पूर्ण हो गया है इसके लिए **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने एस ई सी एल के प्रति आभार प्रकट किया। | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर** ने **श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल)** से इन सभी आवश्यक कार्यों के लिए विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। | **श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल** ने इन सभी कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने के लिए आश्वश्त किया। तथा अवगत कराया कि महत्वपूर्ण मरम्मत कार्यों को इसी सप्ताह शुरू कर दिया जाएगा।<br><br>खिड़कियों के सन्दर्भ में उन्हें अवगत कराया कि लकड़ी की खिड़कियाँ दरवाजे जल्दी खराब हो जाते हैं। लकड़ी की जगह एल्युमिनियम खिड़की का कार्य प्रारम्भ होने वाला है। अतिशीघ्र कार्य पूरा कर दिया जाएगा एवं आवश्यक कार्यों की पूर्ति के लिए प्रपोजल बनाकर मुख्यालय को पूर्व में ही भेज दिया गया है। |
| 2. | अतिरिक्त कक्षा- कक्ष (आठ कक्ष) निर्मित करने के सन्दर्भ में।<br><br>1.बालवाटिका 1,2 ,3<br>2. एस.यू.पी डब्लू-1<br>3.गणित लैब -1<br>4. स्काउट-गाइड कक्ष -1<br>5. कनिष्ठ विज्ञान प्रयोगशाला -1<br><br>**(सिविल)** | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कहा कि विगत बैठक में भी इस बिंदु के सन्दर्भ में अवगत कराया गया था। आवश्यक प्रस्ताव सम्बन्धित समस्त विवरण एस ई सी एल कार्यालय पूर्व में ही भेजा जा चुका है परन्तु अभी तक कार्य लम्बित है। इस वर्ष बालवाटिका 1 तथा 2 की कक्षाएँ भी संचालित करने का प्रावधान है लेकिन कक्षाओं के अभाव में कार्य सम्भव नही हो पा रहा है। साथ ही एस.यू.पी.डब्लू. जूनियर साइंस लैब ,स्काउट गाइड , तथा गणित प्रयोगशाला की नितांत आवश्यकता है। | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री रजंन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल) को निर्देशित करते हुए कहा कि** उक्त समस्या का समाधान समय रहते अवश्य किया जाए। | अतिरिक्त कक्षा- कक्ष (आठ कक्ष) निर्मित करने के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी पूर्ण दस्तावेजों के साथ पूर्व में ही सम्बन्धित कार्यालय को भिजवाया जा चुका है लेकिन कार्य लंबित है।<br><br>**श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल)** ने अवगत कराया कि अतिरिक्त कक्षों ने निर्माण का प्रस्ताव एस.ई.सी.एल मुख्यालय को प्रेषित कर दिया गया है एवं इन सभी कार्यों को अतिशीघ्र पूरा कर देने के लिए आश्वश्त किया तथा बताया कि इन सभी कार्यों को जल्दी पूर्ण कर दिया जाएगा। |

प्राचार्य / PRINCIPAL
केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल,धनपुर
KENDRIYA VIDYALAYA SECL,DHANPUR
जिला शहडोल/Distt. Shahdol
पिन/Pin- 484114

| क्र. स. | चर्चित बिन्दु | प्रस्तावक | सदस्यों द्वारा सुझाव/ निराकरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 3. | विद्यालय इमारत एवं स्टाफ आवास के नवीनीकरण एवं आवंटन का कार्य। **(सिविल)** | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कहा कि विद्यालय इमारत एवं स्टाफ आवास की स्थिति जर्जर एवं दयनीय है। हमारे विद्यालय में कुल 36 कर्मचारी कार्यरत हैं सभी के लिए आवास उपलब्ध नही हैं। कई कर्मचारी बुढार ,धनपुरी में किराये के आवास में रहते हैं। एम .जी एम स्कूल के पास आवास संख्या B -33 लगभग एक वर्ष से रिक्त है, अगर विद्यालय के किसी कर्मचारी को आवंटित कर दिया जाता है तो अच्छा होगा। साथ ही प्राचार्य महोदय ने निवेदन किया कि अगर कोई आवास रिक्त है तो उसे विद्यालय के कर्मचारी को आवंटित कर दिया जाए। | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने एस.ई.सी.एल अधिकारीयों** से विचार-विमर्श करते हुए कहा कि विद्यालय कर्मचारियों को आवास उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अगर अधिकांश आवास एक ही जगह हो तो अच्छा होगा। इस सन्दर्भ में उन्होंने श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल) एस ई सी एल सोहागपुर से भी परस्पर चर्चा-विमर्श किया।<br><br>**श्री जे.एकांबरम नामित** अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धक ने बताया कि विद्यालय में हमारी ही बच्चे पढ़ते हैं कर्मचारियों को आवास की समस्या नही आनी चाहिए। | **श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल)** ने बताया कि कार्टर मरम्मत का लगातार चलता है एवं आवश्यकता के अनुसार मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाते हैं। कर्मचारियों के क्वार्टर मरम्मत के प्रकरण आवश्यकता अनुसार सिविल डिपार्टमेंट को प्रेषित किये जाने पर उन्हें पूर्ण किया जाएगा। |
| 4. | इंटरैक्टिव पैनल की खरीदी। **(वित्त)** | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कहा कि विगत बैठक में भी यह बिंदु प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट विद्यालयों में सभी कक्षाओं में इंटरैक्टिव पैनल लगाना अनिवार्य है। NEP-2020 के अनुसार सभी कक्षाओं में तकनीकी उपागमों से अध्यापन करना अनिवार्य है। के.वि.सं. (मु), नई दिल्ली ने 31 मार्च 2025 से पूर्व यह कार्य पूर्ण करने की नियत अवधि दी है। | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने सभी पदाधिकारियों से आवश्यक विचार कर** उक्त कार्य को निष्पादित करने के लिए आश्वस्त किया। | इस सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश जो केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त हुए हैं उनका उल्लेख करते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया कि शिक्षा में तकनीकी विकास हेतु सभी कक्षाओं में इंटरैक्टिव पैनल स्थापित किया जाना है। इस कार्य के लिए एस.ई.सी.एल से सहयोग अपेक्षित है।<br><br>एस.ई.सी.एल. के अधिकारीयों ने अवगत कराया कि विद्यालय में इंटरैक्टिव पैनल हेतु फण्ड के लिए प्रस्ताव एस.ई.सी.एल. मुख्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। |
| 5. | साइलेंट जनरेटर तथा 2 वाटर कूलर उपलब्ध करवाने सम्बन्धी। **(वित्त)** | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने बताया कि परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्नों पत्रों को प्रिंट करने से लेकर अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन नियत समय में पूरा करना होता है। विद्यालय में कई कक्ष ऐसे भी हैं जिनमे लाइट जाने पर अँधेरा हो जाता है एवं पठन पाठन की प्रक्रिया बाधित हो जाती है | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री रवीन्द्र गणवीर एरिया फाइनेंस मैनजर एवं श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल)** से परस्पर विचार विमर्श कर बताया कि यह कार्य भी अत्यंत आवश्यक है। | **श्री जे.एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति** एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री गौरव सिंहल सहायक प्रबन्धक एस ई सी एल सोहागपुर को निर्देशित किया कि विद्यालय से सम्बंधित जो भी कार्य लंबित हैं उनकी जानकारी सम्बंधित एस.ई.सी.एल. अधिकारी से प्राप्त कर उन्हें अवगत कराएँ। |

प्राचार्य / PRINCIPAL
केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल,धनपु
KENDRIYA VIDYALAYA SECL,DHANPUR
जिला शहडोल/Distt. Shahdol
पिन/Pin- 484114

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | । कभी लाईट नही होती है तो अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है । जिसके लिए साइलेंट जनरेटर की अत्यंत आवश्यकता है । साथ ही विद्यार्थियों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो इसके लिए वाटर कूलर भी आवश्यक है । | इस सन्दर्भ में **श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल)** ने बताया कि जनरेटर सम्बन्धित कार्य इंफ्रास्ट्रक्चर में आता है या नही इसका अवलोकन करना होगा । <br><br> **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि जो भी मुख्यालय से जो भी पत्र प्राप्त हुआ है उन सभी पत्रों का भी उल्लेख करें । MOU जो चल रहा है उसी के साथ जो भी अन्य पत्र हैं उन सभी पत्रों का उल्लेख अवश्य किया जाए इस सन्दर्भ में श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल को बताया गया ।** | **श्री जे.एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति** ने विद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता को कार्य की पूर्णता के बारे में बताते हुए कहा कि जो भी छोटे-छोटे आवश्यक कार्य है उनके बिंदु बनाकर महाप्रबंधक महोदय से कार्य की पूर्णता के लिए निवेदन करें । जो अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है उसे भी प्राथमिकता के साथ रखें । <br><br> **श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल**) ने सिविल से सम्बधित जितने भी कार्य हैं उसके लिए प्रपोजल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है 2 माह में आवश्यक कार्य पूर्ण कर दिए जायेंगे । |
| 6 | **MoU का नवीनीकरण** | **श्री योगेश कुमार गुप्ता, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल धनपुरी** ने अवगत कराया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं एस.ई.सी.एल. के मध्य MoU के नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव एस.ई.सी.एल. को पूर्व में ही प्रेषित कर दिया गया है परन्तु MoU का नवीनीकरण अभी तक नहीं हो पाया है । | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल)** से MoU के नवीनीकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी जिसपर श्री कुनाल ने अवगत कराया कि MoU नवीनीकरण का प्रस्ताव मुख्यालय को प्रेषित किया गया है । | **श्री जे. एकांबरम नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय धनपुरी** को सुझाव दिया है शिक्षा मंत्रालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय द्वारा समय समय पर जारी MoU एवं विद्यालय से सम्बंधित पत्रों, दिशा निर्देशों का उल्लेख करते हुए SECL को MoU फाइल में संलग्न करते हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करें । |

**बैठक के अंत में सुश्री शैलजा स्नातकोत्तर शिक्षिका जीवविज्ञान ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया तथा उचित मार्गदर्शन की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए आश्वस्त किया ।**

प्राचार्य
प्राचार्य / PRINCIPAL
केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल,धनपुरी
KENDRIYA VIDYALAYA SECL,DHANPURI
जिला शहडोल/Distt. Shahdol
पिन/Pin- 484114

अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति
केंद्रीय विद्यालय एस ई सी एल धनपुरी
अध्यक्ष, वि. प्र. स.
CHAIRMAN, VMC
केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल,धनपुरी
KENDRIYA VIDYALAYA SECL,DHANPURI